दैनिक भास्कर 23/12/2023

जीवन में गुरु के विचारों को अपनाने पर दिया जोर

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के पंजाबी और संगीत विभाग ने (बीर बाल दिवस) के उपलक्ष्य में बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की लासानी शहादत को समर्पित शब्द गायन किया। विद्यार्थियों ने कविता उच्चारण, शबद ध्यान, कथा वार्ता, बानी चर्चा में भाग लिया। संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनजीत कौर ने विद्यार्थियों को शहीद परिवार की शूरवीर गाथा से परिचित करवाया। उन्होंने गुरु बाणी से जुड़ने, अपने जीवन में गुरु के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। गुरजोत सिंह व गुरसिमरन सिंह ने शबद गायन किया। इस अवसर पर सभी टीचर्स सहित सदस्य मौजूद रहे।

शबद गायन करते गुरजोत सिंह व गुरसिमरन सिंह।